हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

13 आंबेडकर चौक पर भाजपाइयों ने किया सांसद का जोशीला स्वागत



14 गंगा दशहरा पर्व पर हुआ गायत्री महायज्ञ






# बलौदाबाजार नगरपालिका सीमा क्षेत्र में धारा 144 अब 20 जून लागू रहेगी

## कलेक्टोरेट में हुई तोडफोड़, कर्मचारियों में भय के कारण समयसीमा बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में हुई घटना के परिप्रेक्ष्य में संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कार्यरत अधिकारियों–कर्मचारियों सहित जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के निवासियों में भय के वातावरण को देखते हुए पूर्व में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में धारा 144 (1) को 16 जून की मध्यरात्रि 12 बजे तक लागू की गई थी। धारा 144 समयसीमा बढ़ाकर 20 जून तक कर दी गई है। उक्त धारा नगरपालिका सीमा क्षेत्र बलौदाबाजार में प्रभावशील होगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से घटनास्थल क्षेत्र संवेदनशील होने के कारण शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने व शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराये जाने के लिए संबंधित क्षेत्रें को धारा 144 (1) (2) द.प्र.सं.के अंतर्गत प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने बाबत अनुरोध किया गया है। उपरोक्त कारणों के आधार पर नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए तत्काल करना आवश्यक है। जिससे जिले के निवासी भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर निवास कर सके। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है।

कलेक्टर ने जारी किया आदेश



### रैली, जुलूस में प्रतिबंध, समूहों में नहीं कर सकेंगे प्रवेश

जिसके तहत नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या जुलूस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अन्य जिले अथवा बाहरी व्यक्तियों का 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह का नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार का शस्त्र तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू,छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशुल, खुकरी, सांग एवं बल्लम अथवा अन्य अस्त्र– शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा।

## खबर संक्षेप

### भीड़ में टकराने से विवाद पर युवक से मारपीट



**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ भीड़ में टकराने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सत्या निषाद ने भावेश तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सत्या ने पुलिस को बताया कि पुलिस लाइन शराब दुकान के पास वह खड़ा था, इसी दौरान भावेश उससे आकर टकरा गया। इस बात को लेकर विवाद करते हुए भावेश ने सत्या के साथ मारपीट की।

### पैसे देने से इनकार करने पर ब्लेड से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ शराब पीने पैसे देने से इनकार करने पर ब्लेड से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक महेश गिरी ने सिधवा आलू के खिलाफ ब्लेड से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि वह काशीराम चौकी के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा था, इसी दौरान सिधवा उसके पास पहुंचा और शराब पीने पैसे देने की मांग करने लगा। महेश ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो सिधवा ने महेश के गले तथा हाथ पर ब्लेड से वार कर दिया।

### हार्न बजाने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में कारपेंटर ने एक युवक तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ हार्न बजाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक खरोरा निवासी दुर्गेश साहू ने सुरेश धीवर तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि वह बाइक से रोड पार कर रहा था, इस दौरान सुरेश तथा उसका साथी रोड पार कर रहे थे, जिसके लिए उसने हार्न बजाया। इस बात को लेकर सुरेश तथा उसके साथी ने विवाद करते हुए दुर्गेश के साथ मारपीट की।

### लापरवाही : गुणवत्ताहीन कार्य होने से किसानों को होगी परेशानी

# नहर लाइन का निर्माण अधूरा और घटिया जगह-जगह दरारें और कहीं-कहीं टूटी-फूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसींवा

लिलार व्यपर्तन योजना के तहत जलसंसाधन विभाग द्वारा कराया जा रहा नहर लाइन निर्माण कार्य के गुणवत्ताहीन कार्य होने से ग्रामीणों व किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि गुणवत्ताहीन कार्य के कारण भविष्य में उन्हें परेशानी होगी। क्षेत्र में 11 करोड़ की लागत से 25 किमी बड़ी और छोटी नहर लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि सरसींवा क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ किसान खेती के लिए वर्षा के जल पर ही निर्भर रहते हैं। सिंचाई के पर्याप्त संसाधनों के अभाव के कारण क्षेत्र के किसानों को खेती करने में विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में 11 करोड़ से ज्यादा की लागत से बनने वाले लगभग 25 किमी की बड़ी और छोटी नहर लाइन का निर्माण कार्य अपनी पूर्णता की ओर अग्रसर है। अभी कार्य पूर्ण ही नहीं हो पाया है और ये नहर लाइनें जगह- जगह से ध्वस्त व क्षतिग्रस्त होती नजर आ रही है। इन नहर लाइनों में जगह- जगह दरारें अभी से दिखने लगी है। कहीं-कहीं दरारों को छिपाने लीपापोती भी की गई है। सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जा रही नहर लाइनों के समीपस्थ जलाशयों से जुड़ने के बाद क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसानों को इसका लाभ पहुंचता। क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था थोड़ी सुदृढ़ हो जाती। नवनिर्माण किये जा रहे नहर लाइनों की अभी से जर्जर स्थिति देखकर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि ये नहर लाइन एक बरसात भी नहीं झेल पाएंगी। वही ऐसे गुणवत्ताहीन कार्य का अर्थ केवल शासन को करोड़ों रुपयों का चूना लगाने जैसा है। अभी निर्माण कार्य पूर्ण ही नही हो पाया है पर अभी से जर्जर हो चुकी ये नहर लाइन एक बरसात भी झेल लेने की स्थिति में नजर नहीं आती है। क्षेत्र के किसानो का कहना है कि यदि जांच की जाए तो इस नहर लाइन निर्माण कार्य में अनियमितता मिल सकती है। गौरतलब है कि लिलार व्यपर्तन योजना के तहत जलसंसाधन विभाग काम कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा कार्य में नुकसान व 5 साल मेंटेनेंस करने की भी बात कही गई।

### लिलार व्यपर्तन योजना के तहत जलसंसाधन विभाग करा रहा काम



**15 किमी नहर लाइन का कार्य पूर्णता की ओर**

इस मामले में सब इंजीनियर सागर वर्मा ने कहा कि पार्ट- पार्ट में लगभग 15 किमी की नहर लाइन का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। हो सकता है कि वर्षा के कारण दरार आ जाए। क्षतिग्रस्त स्थानों की मरम्मत कराने का प्रयास करेंगे।

# जांजगीर में डहरिया तो बलौदा में विकास होंगे धरना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम महाकोनी में जैतखाम के अपमान एवं तोड़ फोड़ होने जिसमें संतोषप्रद कार्रवाई नहीं होने के कारण, सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित रैली के दौरान उग्र प्रदर्शन से संयुक्त परिसर में हुई आगजनी से सैकड़ों की संख्या में दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन एवं शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंची है। प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामी, लचर कानून व्यवस्था एवं घोर लापरवाही से जिला मुख्यालय में इस प्रकार की घटना घटित हुई है। जिसमें कई आमजन एवं निर्दोष व्यक्तियों को भुगतने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस घटना को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीरता से लेते हुए लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ 18 जून को पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालय में, एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन का आयोजन किया है। प्रत्येक जिला में एक–एक प्रभारी के अगुवाई में, धरना प्रदर्शन को सफल बनाना है, ताकि भाजपा सरकार सजग हो। इस हेतु कांग्रेस कमेटी ने जांजगीर चांपा में डॉ. शिव डहरिया, बलौदाबाजार में विकास उपाध्याय, सारंगढ़ बिलाईगढ़ में विनोद चंद्राकर को धरना प्रदर्शन का प्रभारी नियुक्त किया है। इन्हीं के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन को सफल बनाया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष, युधिष्ठिर नायक ने समस्त वरिष्ठ जनों से, आम जनों से, विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी से, जन प्रतिनिधियों से विनम्र अपील की है जिला मुख्यालय बलौदा बाजार पहुंचकर धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।



- लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

## पलारी में अकीदत के साथ मनी ईद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

अंचल में सोमवार को बकरीद का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह 8 बजे नगर स्थित मस्जिद में नमाज अता कर देश सहित नगर में अमन चौन की दुआ मांगी गई। एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी गई। नमाज मौलाना गुलजार द्वारा पढ़ाई गई। मुस्लिम जमात के लोग स्थानीय कब्रिस्तान में जाकर अपने मरहूमों को याद कर उनके हक में मगफीरत के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई। ईद के मुबारक मौके पर सभी समाज के लोगों ने मुबारकबाद दी। त्यौहार पर पुलिस का सहयोग सराहनीय रहा।

- नमाज अता कर अमन-चैन की मांगी गई दुआ

## ढाई किलो गांजा जब्त, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड के एक खंडहर में गांजा बेच रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक से ढाई किलो बरामद किया गया, जिसका बाजार मूल्य 20 हजार रुपए बताया जा रहा है। आरोपी के पास के गांजा बेचने से मिली रकम 300 रुपए भी बरामद किया गया।

अभियान सिरजन के तहत पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर बलौदाबाजार एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री अशीष अरोरा के मार्गदर्शन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वालो की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में जून को को थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में उनि. राधेलाल वर्मा,आर. लोरिक शाडिल्य,उमेश वर्मा,रामसनेही ,महिला आर. सीता मरावी व्दारा राहुल ध्रुव पिता बबलू ध्रुव उम्र 22 साल साकिन सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा अपने घर के पास खण्डहर में एक सफेद रंग के थैला के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसका वजन 2.49 कि.ग्रा कीमत 20,000 रुपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए को अवैध रूप से बिक्री करने क लिए रखा मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश ▶▶ शेष पेज 13 पर न

**खास बातें**

- सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड में घर के पास खंडहर में बेचने के लिए रखा था
- गांजा बेचने से मिली रकम भी बरामद



## भाटापारा में बनाई जाए चौपाटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में एक सुव्यवस्थित चौपाटी बनाने की मांग की गई है। लोगों का कहना है कि चौपाटी से नगरवासियों सहित बाहरी लोगों को लाभ होगा।

व्यावसायिक नगरी होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र से शिक्षा और रोजगार के लिए बड़ी संख्या में लोगो का आना-जाना हो रहा है। वहीं शैक्षणिक संस्थानों का भी यहा खास प्रभाव रहता हैं। जहां बाहर- बाहर से विद्यार्थी अध्ययन हेतु निवास करते हैं। बढ़ती आबादी को देखते हुए भाटापारा नगर में एक सुव्यवस्थित चौपाटी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। शैक्षणिक सत्र अपने अंतिम माह की ओर है। अप्रैल माह से अध्ययनरत बच्चों की छुट्टियां प्रारम्भ हो जाएगी,ऐसी अवस्था में परिवार के मनोरंजन के लिए चौपाटी की एक महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। प्रशासन द्वारा इस ओर सकारात्मक पहल कर सुलभ स्थल चिन्हांकित करना चाहिए और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कर अव्यवस्थित ठेले और दुकानों को एक स्थान पर एकत्रित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे ना केवल क्षेत्र की जनता को ▶▶ शेष पेज 13 पर

- नगरवासी सहित बाहरी लोगों को मिलेगा लाभ
- जनसंख्या के दृष्टिकोण से जिले का सबसे बड़ा क्षेत्र

## जनपद सदस्य, सरपंच प्रतिनिधि ने थाने में की शिकायत

**हथबंद।** ग्राम के वार्ड क्रमांक 6 व वार्ड 7 के अनुसूचित जनजाति के बच्चे हमेशा की तरह क्रिकेट खेल रहे थे। जिनकी शिकायत थाने में की गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए बच्चों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सरपंच प्रतिनिधि विद्या वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस द्वारा जबरदस्ती ले जाकर नाबालिगों के साथ मारपीट की गई है। उक्त घटना से ग्रामीणजन आक्रोशित हैं। मामले की शिकायत लेकर ग्रामवासीकारी सावरा, लेखराम, गोलुसमुंद्रे, राजकुमार, विजय निषाद ,नानू समुंद्रे आदि पहुंचकर घटना पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए थाने में आवेदन दिया है।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

### बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# आज से बहुजन समाज पार्टी शुरू करेगी आत्मसम्मान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसींवां

बहुजन समाज पार्टी 18 जून से गांव- गांव में जन सम्पर्क कर भय एवं दहशत के वातावरण को समाप्त करने तथा आपसी सदभाव बनाए रखने के लिए आत्मसम्मान यात्रा की शुरूआत करेगी।


बसपा ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर बलौदाबाजार जिला परिसर में 10 जून को असामाजिक तत्वों द्वारा की गई। आगजनी एवं तोड़फोड़ की घटना के कारण निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को पुलिस द्वारा की जा रही गिरफ्तारी, अमानवीय व्यवहार के साथ मारपीट, प्रताड़ना पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई पूर्णतया निष्पक्ष नहीं है, वास्तविक अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और बेकसूर एवं निर्दोष लोगों को जान बूझकर पकड़ा जा रहा है। कांग्रेस- बीजेपी के राजनीतिक वार का शिकार निर्दोष सतनामी समाज को बनाया जा रहा है। उक्त घटना ▶▶ शेष पेज 13 पर

- कमेटियों की रिपोर्ट के बाद हो कार्रवाई



### आपसी सद्भाव, प्रेम भाईचारा का वातावरण पैदा करें

ज्ञापन में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जांच कमेटी बनाए जाने के बावजूद कांग्रेस व बीजेपी अपनी अपनी पार्टी की ओर से जांच कमेटी बनायी है। जब तक तीनों जाँच कमेटियों की निष्पक्ष रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों के साथ धरपकड़ एवं मारपीट की कार्रवाई तत्काल बन्द किया जाना चाहिए। किस- किस को जाँच के आधार पर कौन कौन दोषी पाए जाते हैं, उन्ही दोषियों के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है। बसपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा की वर्तमान परिस्थिति में सतनामी समाज में भय एवं आतंक के साथ आक्रोश का वातावरण व्याप्त है। सरकार आपसी सदभाव, प्रेम भाईचारा का वातावरण पैदा करें।



# कॉलेजों ने घटाई सीटें, क्योंकि अब प्रथम वर्ष नहीं होगा कोई फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आज से प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी लागू कर दी जाएगी। इस बदलाव का एक अन्य असर महाविद्यालयों की सीटों पर हो रहा है। कई कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को देखते हुए अपनी सीटें घटा रहे हैं।

दरअसल एनईपी के अंतर्गत परीक्षाएं वार्षिक रूप से ना होकर सेमेस्टर प्रणाली से होंगी। प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में यदि छात्र अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तब भी उन्हें तृतीय सत्र में प्रवेश दिया जाएगा। तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई जारी रखने के साथ ही छात्रों को पिछली कक्षाओं के बैक पेपर भी क्लियर करने होंगे। इसके बाद उन्हें पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश मिलेगा। महाविद्यालयों में सामान्यतः प्रथम वर्ष के परिणाम 50 से 60 प्रतिशत ही होते हैं। इस तरह से द्वितीय वर्ष में जाने वाले छात्रों की संख्या लगभग आधी हो जाती है। महाविद्यालयों में द्वितीय वर्ष के लिए कक्षाएं भी इसी अनुपात में आकार में छोटी होती हैं। अब प्रथम वर्ष में अनुत्तीणर्ण होने पर भी छात्रों को रोके जाने का प्रावधान नहीं रह गया है तो द्वितीय वर्ष में भी बड़ी संख्या में भी छात्र संख्या थोक में रहेगी।

इसलिए प्रथम वर्ष में ही कई महाविद्यालय घटी हुई सीटों पर प्रवेश दे रहे हैं ताकि जब वे छात्र द्वितीय व तृतीय वर्ष में पहुंचे तो उनके समक्ष बैठक की दिक्कत ना हो। कई कॉलेजों ने इसकी घोषणा भी कर दी है। राजधानी के मंहत कॉलेज में बीकॉम की 600 सीटें हैं, लेकिन प्रवेश सिर्फ 400 पर होंगे। कम संसाधन वाले अन्य महाविद्यालय भी ऊहा-पोह की स्थिति में हैं।

### इन्हें द्वितीय-तृतीय वर्ष बैठाने जगह नहीं




### विकल्प नहीं

महाविद्यालयों के पास इसके अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है। जो इस सत्र में सीटें नहीं घटा रहे हैं, उन्हें अगले सत्र में सीटें घटानी होंगी अथवा नए कक्ष निर्मित करने होंगे, जो अपेक्षाकृत मुश्किल है।

**-डॉ. देवाशीष मुखर्जी,** सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

### पहली सूची अगले सप्ताह

रविवि द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए अधिसूचना पिछले सप्ताह ही जारी कर दी गई थी। इसके मुताबिक, कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन 17 जून से शुरू होंगे। आज शासकीय अवकाश है, लेकिन आवेदन ऑनलाइन किए जाएंगे, इसलिए पोर्टल खोल दिए जाएंगे। कॉलेजों में प्रवेश के लिए पहली लिस्ट 26 जून को जारी की जाएगी। इसके बाद दूसरी लिस्ट 9 जुलाई तथा तीसरी और अंतिम मेरिट लिस्ट 19 जून को जारी होगी। रविवि के पोर्टल पर जाकर छात्र अपनी प्राथमिकता के आधार पर किन्हीं पांच कॉलेजों का चुनाव कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### गायत्री जयंती में हुआ छात्राओं का सम्मान

**फिंगेश्वर।** गायत्री प्रज्ञा मंडल अरंड में गंगा दशहरा, गायत्री जयंती एवं पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। विधि- विधान से पूजा अर्चना कर पूर्णाहूति दी गई। इस पर्व पर गंगा माता की अवतरण, भागीरथ के तपस्या का विस्तार पूर्वक कथा रामअवतार साहू के द्वारा सुनाया गया। यज्ञ कार्य में गायत्री परिवार के छात्राओं ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुती कर सम्पन्न किया। गायत्री परिवार के बच्चे कुमारी गीतांजलि पिता लोकेश कुमार साहू ने कक्षा 8वीं ने उज्वल ज्ञान ज्योति विद्यालय अरंड वर्ष 2023–24 में 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कुमारी चांदनी पिता भोज राम साहू ने कक्षा 10वीं में 81.05 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं 500 रूपये की सहयोग राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोकुल ध्रुव, पदमन साहू, बैसाखू राम साहू एवं समस्त गायत्री परिवार के बंधु शामिल थे।

### शिक्षक संघ की हुई बैठक

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की बैठक विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई। सर्वप्रथम प्रांत अध्यक्ष ओंकार ठाकुर, संजय ठाकुर ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया साथ ही साथ शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे व्याख्याता प्राचार्य पदोन्नति समय मान वेतनमान आदि बैठक पर विचार विमर्श किया गया कि जुलाई अंत तक पदोन्नति नहीं किया जाता तो अगस्त माह में धरना प्रदर्शन जैसे निर्णय लिए जा सकते हैं बैठक में मुख्य रूप से मुख्य रूप से ओंकार ठाकुर, संजय ठाकुर, रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्र, कांकेर के जिला अध्यक्ष टिकेश ठाकुर, धमतरी जिला अध्यक्ष नवीन चंद्राकर, सुकमा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र भदोरिया, कोंडागांव के जिला अध्यक्ष निर्मल, बालोद से दिल्ली बार रायपुर जिला अध्यक्ष सुनील नायक, अवध वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### हरदीभाठा में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा स्थित वेदमाता गायत्री प्रज्ञा मंदिर में गायत्री जयंती गंगा दशहरा एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक इस युग के विश्वामित्र युग वशिष्ठ युग व्यास महाकाल के अवतारी सत्ता परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में तीन गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार एवं एक शिशु का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। गायत्री जयंती गंगा दशहरा एवं पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण पुण्यतिथि पर प्रकाश डालते हुए आचार्य सवितानंद साहू ने कहा आज के इस पावन पर्व को अखिल विश्व गायत्री परिवार के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मना रहे हैं। आज शाम 6 बजे से दीप महायज्ञ एवं मां गंगे की महा आरती का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ ने इतिहासकार डा. हेमू यदु को याद किया

**अभनपुर।** सीआरपीएफ 211 बटालियन में स्वर्गीय डॉक्टर हेमू यदु को याद किया गया। स्वर्गीय डॉ हेमू यदु छत्तीसगढ़ के एक प्रसिद्ध पुरातत्वविद,इतिहासकार व लेखक रहे हैं। इन्होंने राम वन गमन पर बहुत सारे शोध किए हैं और उससे संबंधित पुस्तक प्रकाशित हुई है। 211 बटालियन के कमांडेंट संजीव रंजन ने उनके परिवारजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया। उनके परिवारजनों में उनकी पत्नी श्रीमती उमा यदु और उनकी दो पुत्रियाँ डॉ प्रकृति और सृष्टि व डॉक्टर किशोर अग्रवाल इस दौरान उपस्थित रहे। डॉ किशोर अग्रवाल सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक के साथ ही साहित्यकार, कवि व चित्रकार भी है।

## भोपाल और जबलपुर जाने समता-अमरकंटक पर बढ़ा यात्रियों का बोझ

# ट्रेनें रद्द, मुश्किल हुआ सफर, हर कोच ठसाठस, सीट के लिए संघर्ष के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

पटरियों के कामकाज के कारण बीते दिनों रेलवे ने भोपाल, इंदौर, रीवा और जबलपुर जाने वाली सीधी ट्रेनों को रद्द किया था, जिसके बाद यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जोन से मध्यप्रदेश व लखनऊ शहर तक जाने वाली 18 ट्रेनों को रेलवे ने 20 जून तक कैंसिल कर दिया है, जिसका असर रविवार को भी दिखाई दिया। अमरकंटक, समता एक्सप्रेस और दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में जनरल व स्लीपर के साथ एसी कोच में भी यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस और रीवा और बरौनी एक्सप्रेस के रद्द होने से अब यात्रियों के पास भोपाल, इंदौर और जगदलपुर जाने यात्रियों के पास अंतिम विकल्प यही ट्रेन है। इस वजह से इस ट्रेन के सभी कोच में सप्ताहभर में वेटिंग 100 से पार हो चुकी है। रविवार को हरिभूमि टीम ने रायपुर से एमपी की ओर जाने वाली ट्रेनों का जायजा लिया। ट्रेन आने से पहले ही प्लेटफार्म यात्रियों से ठसाठस था।

जब समता एक्सप्रेस दोपहर को और शाम को अमरकंटक एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर पहुंची तो यात्रियों के बीच ट्रेन में चढ़ने और सीट तक पहुंचने की होड़ मच गई। भीड़ अधिक होने से कई यात्री जनरल कोच में भी नहीं चढ़ पाए। ट्रेन में पैर रखने की जगह कई यात्रियों को नहीं मिल सकी। रायपुर से भोपाल तक सफर यात्रियों को खड़े होकर तय करना पड़ रहा है। एक ही ट्रेन होने से अब बड़ी संख्या में यात्री नागपुर से जगदलपुर व इंदौर के लिए कनेक्टिंग ट्रेन का टिकट बनवा रहे हैं, ताकि भीड़ से बच सकें। रायपुर मंडल से हर दिन 1500 से अधिक यात्री भोपाल, कटनी और इंदौर व उज्जैन के लिए सफर करते हैं,

### प्लेटफार्म और ट्रेन यात्रियों से ठसाठस

रेलवे ने कटनी मार्ग की ट्रेनों को रद्द कर दिया है, लेकिन इसका असर अन्य ट्रेनों पर दिखाई दे रहा है। शाम के वक्त एक छोर से दूसरी छोर तक केवल यात्रियों के सिर ही नजर आते रहे। प्लेटफार्म पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। जैसे ही ट्रेन ने प्लेटफार्म पर प्रवेश किया, यात्रियों में हलचल मच गई। ट्रेन के रुकते ही जनरल कोच के यात्री सीट पकड़ने अपना सामान लेकर एक-दूसरे को धक्का देते ट्रेन में सवार होने की कोशिश करने लगे। 2 मिनट के भीतर प्लेटफार्म में खड़ी काफी भीड़ ट्रेन के भीतर चली गई। ट्रेन रवाना होने के बाद प्लेटफार्म पूरी तरह वीरान हो गया।

### एक ट्रेन में सफर करने हजारों की भीड़, प्लेटफार्म पर पैर रखने की जगह नहीं





### केस 1 हर ट्रेन में हजार से अधिक यात्री

रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक मुंबई और हावड़ा के बीच 8 ट्रेनें रवाना हुईं। अमरकंटक, समरसता, समता, जनशताब्दी, पोरबंदर, संपर्क क्रांति, गोंडवाना ट्रेन में 1000 से 1500 यात्रियों ने सफर किया। प्लेटफार्म पर जो भी ट्रेन पहुंचती, उसमें से उतरने वालों से दोगुने यात्री चढ़ने की कोशिश करते नजर आते। कई बार यात्रियों को ट्रेन से उतरने के लिए भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। ऐसे में यात्री समय पर चढ़ भी नहीं पाए और ट्रेन रवाना हो गई।

### केस 2 एक सीट पर सात-आठ यात्री

ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों का दबाव एक्सप्रेस के जनरल कोच पर सबसे अधिक पड़ा है। कोच में यात्रियों की भीड़ इतनी हो चुकी है कि हरेक सीट पर सात-आठ यात्री बैठकर सफर कर रहे हैं, जबकि आमतौर पर लंबी सीट पर 4 यात्री बैठते हैं। समता एक्सप्रेस में सीट पर जगह नहीं मिलने पर यात्री कपड़े की मदद से झूला बनाकर उसमें सफर करते नजर आए। स्थिति यह है कि हर स्टेशन में यात्रियों की संख्या बढ़ती जाती है, लेकिन उतरने वाले गिनती के होते हैं।



### केस 3 नहीं मिली खड़े होने की जगह

सामान्य दिनों में भोपाल जाने के लिए रायपुर से 2 और बिलासपुर से 4 ट्रेनें होती हैं। अब समता एक्सप्रेस और अमरकंटक ही संचालित की जा रही हैं। इस वजह से ट्रेनों में भीड़ अधिक रही। जरनल कोच में भीड़ इतनी अधिक रही कि यात्रियों पैर रखने की भी जगह नहीं मिल पा रही थी। समता एक्सप्रेस में भारी भीड़ और वेटिंग देखते हुए कई यात्री अब नागपुर से भोपाल जाने कनेक्टिंग ट्रेन का टिकट बनवा रहे हैं। ट्रैवल्स एजेंसी के मुताबिक सप्ताहभर तक समता और अमरकंटक में भीड़ अधिक रहेगी।

## बैठक में गौ संवर्धन एवं जैविक खेती को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा विभाग की आवश्यक बैठक मां गायत्री गौशाला भलेसर मार्ग में हुई। बैठक ब्रह्मा नंद, विजय महामंत्र एवं परिचय के साथ प्रारंभ हुआ। बैठक में प्रांत कार्य समिति के सदस्य राजेश मिश्रा एवं तिलक साव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बैठक में गौ सवर्धन एवं जैविक खेती विषय को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से गौ रक्षा, गौशाला संपर्क, गांव भक्त, गौ विज्ञान परीक्षा, गौ प्रशिक्षण, जैविक खेती, गौ संप्रदा प्रचार-प्रसार आदि विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित कर इन विषयों पर कार्य करने के लिए सहमति बनी।

बैठक में विभाग एवं जिला कार्यकारी भंग करने की जानकारी दी गई। नई विभाग एवं जिला कार्यकारिणी गठन करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद की विभाग मंत्री अखिलेश लूनिया, विभाग सह मंत्री डिगेश वर्मा, गरियाबंद के जिला संगठन मंत्री वेद राम नंदे, गौशाला से सीताराम सोनी, गोदावरी साहू, नित्यानंद चौधरी, तरूण कुमार साहू, सुमन संेद्रे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## धनवंतरी और मोबाइल मेडिकल यूनिट होंगे स्वास्थ्य विभाग के हवाले

- अभी नगरीय प्रशासन विभाग कर रहा दोनों योजनाओं का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम जनता को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने और निशुल्क पैथालॉजी सहित अन्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराने संचालित धन्वंतरी मेडिकल और मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जा सकता है। विभागीय स्तर पर आए इस सुझाव के आधार पर हेल्थ अफसरों में विभागीय चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2020 से स्लम बस्ती में लोगों को बीपी-शुगर सहित अन्य जांच की सुविधा देने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन शुरू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2021 से 50 से 70 प्रतिशत सस्ती दवा उपलब्ध कराने धन्वंतरी योजना संचालित की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि दवाएं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित हैं और एमएमयू में चिकित्सकों की उपलब्धता भी उनकी जिम्मेदारी है। आने वाले दिनों में दोनों योजनाओं में सुविधाओं का विस्तार करने की तैयारी है, जिसे देखते हुए इसका संचालन सीधे स्वास्थ्य विभाग को दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। पिछले दिनों समीक्षा बैठक में आए इस सुझाव के बाद अफसर दोनों योजनाओं पर विचार-मंथन में जुट गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में अंतिम फैसला शासन स्तर पर किया जाएगा।

### अल्टीमेटम दे चुके

आंबेडकर अस्पताल में पैट सीटी मशीन के उपयोग पर किसी तरह का निर्णायक फैसला करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। इसके अलावा वहां पुरानी हो चुकी ऐसी मशीन, जो खराब होने की स्थिति में आ चुकी है, उन्हें सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि वहां की उपचार सुविधाओं को जल्दी ही अपडेट किया जाएगा।

### चर्चा के बाद करेंगे फैसला

धन्वंतरी एवं एमएमयू के संबंध में पिछले दिनों बैठक के दौरान सुझाव मिला था। दोनों योजनाएं स्वास्थ्य से संबंधित हैं। इनके संचालन को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री और अधिकारियों से चर्चा के बाद फैसला किया जाएगा। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं।

**- श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री, छग

## बघवा तालाब में इतनी गंदगी कि साफ करने में लग गए सात माह

- सौंदर्यीकरण का काम जारी, लाइट लगाने फाउंडेशन तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब के गहरीकरण का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। तालाब के चारों ओर सुरक्षा के लिहाज से रिटेनिंग वॉल बनाई गई है। साथ ही लोगों के आने-जाने के लिए पाथवे बनाने का काम इन दिनों चल रहा है। 15वें वित्त आयोग मद से प्राप्त 2.50 करोड़ की राशि से इस तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कर इसे सुंदर स्वरूप दिया जा रहा है। वहीं विप्रनगर के बाईं ओर तथा यादवपारा के पास पांच हजार वर्गफीट खाली जमीन बगीचे के लिए चिन्हांकित की गई है।

नगर निगम ने ढाई दशक बाद रायपुरा के बघवा तालाब की सुध ली है। 7 माह तक तालाब की सफाई कर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी बाहर निकालकर तालाब गहरीकरण का कार्य कराया गया है। 35 एकड़ में फैले इस तालाब से रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादव पारा के लोग इसका उपयोग एक अरसे से निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। तालाब के आसपास की डेयरी के मवेशी जाने से पानी के भीतर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी जमा थी, जिसे मशीन लगाकर तालाब से निकाला गया।



### बारिश के समय करेंगे पौधारोपण

बघवा तालाब की रिटेनिंग वॉल बनाने का काम पूरा होने के बाद अब वहां आने-जाने वाले लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पाथवे बनाया जा रहा है। साथ ही तालाब के पास बगीचा बनाने यादव पारा के पास पांच हजार वर्गफीट जमीन को चिन्हांकित किया गया है। बारिश के समय यहां पौधारोपण किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया, बगीचे में आने-जाने वाले लोगों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज मशीनें लगाई जाएंगी। सीनियर सिटीजन के लिए अलग से वेटिंग हॉल बनाया जाएगा।

## ढाई करोड़ के 32 ई-टायलेट कबाड़, दो कंपनियां छोड़कर भागीं, अब री-टेंडर

- दोबारा मरम्मत के लिए इस्टीमेट बनवा रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आधा दर्जन सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनवाए गए 32 ई-टायलेट कबाड़ हो गए। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों ने कहीं ई-टायलेट में लगाई गई महंगी स्टील प्लेट पार कर दी तो कहीं स्टील से बना दरवाजा काटकर ले गए। ई-टॉयलेट में प्रयुक्त महंगे स्टील के पाट्र्स भी गायब हैं। अब इनकी दोबारा मरम्मत कराने नगर निगम ने निजी एजेंसी से ई-टॉयलेट की जांच कर इसमें लगने वाले अनुमानित खर्च का इस्टीमेट बनाने का जिम्मा दिया है। इस्टीमेट की स्वीकृति के बाद एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 4 साल पूर्व शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर 32 ई-टायलेट बनवाए गए। इनमें एम्स हास्पिटल के सामने, सरस्वती नगर थाने के पास, पं. रामदयाल तिवारी स्कूल के बाजू वाली जगह, मेकाहारा के सामने, आनंद नगर केनाल रोड और कटोरा तालाब के सामने ई-टायलेट की सुविधा शुरू की गई थी। इन टॉयलेट के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपए सुरक्षानिधि के रूप में जमा कराए गए, पर ई-टॉयलेट निर्माण के कुछ महीने बाद अनुबंधित कंपनी नदारद हो गई, जबकि अनुबंध की शर्त अनुसार उसे 5 साल तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस व संचालन करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़े जाने की स्थिति में 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया। कंपनी के यहां से भाग जाने के बाद 2021 तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस नहीं हो पाया। वर्ष 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी ने फिर से इन ई-टॉयलेट के मेंटेनेंस के लिए रायपुर की होप फॉर ह्यूमिनिटी एजेंसी से अनुबंध किया।

*प्रोजेक्ट निगम को हैंडओवर : कबाड़ हो चुके ई-टॉयलेट के 32 यूनिट वाले प्रोजेक्ट को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 2 माह पूर्व नगर निगम के स्वच्छता विभाग को हैंडओवर कर दिया है। अब ई-टॉयलेट की मरम्मत, देखरेख और संचालन के लिए नगर निगम नई एजेंसी तय करेगा।*



### जल्द करेंगे टेंडर

ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। अनुबंध में 3 साल तक ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल रहेगी।

**- रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर

## 4 करोड़ के जलकर बकायादारों में भागीरथी योजना के साथ सामान्य कनेक्शनधारी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में 8 हजार से अधिक नल कनेक्शनधारियों से पालिका को वर्तमान और पूर्व बकाया मिलाकर कुल 4 करोड़ रुपए की वसूली शेष हैं। सामान्य नल कनेक्शन धारियों के अलावा भागीरथी योजना के तहत लगाए गए नल कनेक्शनधारी भी महज 60 रुपए की भुगतान में पीछे नजर आ रहे हैं। पालिका द्वारा इन बकायादारों की सूची तैयार कर कार्रवाई की तैयारी में हैं। बता दें कि पालिका क्षेत्र में 8 हजार 291 नल कनेक्शनधारी में सामान्य 5 हजार 425 कनेक्शन और 2 हजार 866 भागीरथी कनेक्शन हैं।

शहर में नल कनेक्शन की स्थिति, अनियमितता व जलकर न देने वालों का डाटा तैयार करने के लिए पालिका की टीम डोर-टू-डोर पहुंच रही है। नल कनेक्शनधारियों से जानकारी ली जा रही है कि कनेक्शन किसके नाम पर है, कनेक्शन कब मिला, कब से जलकर नहीं दिया है। साथ ही उनके कार्ड भी चेक कर रही है, जिससे जल कर भुगतान संबंधी आंकड़ों की पुष्टि हो सके।



## खबर संक्षेप

### चर्म रोग जांच आज

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक किया जाएगा। इसमें डा गरिमा शर्मा एमबीबीएस एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देंगी।

### कान, नाक व गला की जांच आज

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में कान, नाक व गला जांच का आयोजन सांय 4 से 6 बजे तक किया गया है। जांच प्रतिदिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार व शनिवार को किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) अपनी सेवाएं देंगे।

### ढाई हजार की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कांकेर।** अवैध ढंग से शराब को बिक्री के लिए कोरर ले जाते समय पुलिस ने आरोपी को शराब के साथ दबोचा। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि गाँव में शराब को बेचने के लिए ले जा रहा था। भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से 16 जून को जानकारी मिली कि एक व्यक्ति बजारू थैला मे अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने के लिए कोरर लेकर जा रहा है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक कर पुलिस ने रानवाही बाजार स्थल के सामने ईलाके की घेराबंदी कर आरोपी को धरदबोचा। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गोवा स्पेशल 5 नग, मेक्डवल 1 नग, लाईफ स्टाईल फाईन 5 नग, कीमत 2 हजार 550 रूपएं को पुलिस ने जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ब्राम्हण समाज ने किया सांसद का स्वागत



**महासमुंद।** ब्राह्मण समाज द्वारा सांसद रुपकुमारी चौधरी के लोकसभा मुख्यालय आगमन पर स्वागत किया गया है। स्वागत कार्यक्रम में समाज के उपाध्यक्ष अश्वनी तिवारी, सहसचिव दीपक तिवारी, शंकर पांडे, अरुणेंद्रधर दीवान, पार्षद मनीष शर्मा, शुभ्रा शर्मा, मधु तिवारी, समीर तिवारी, दिलीप तिवारी, अग्रज शर्मा, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

**धर्म-कर्म:** वआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ, अनेक धार्मिक कार्यक्रम भी हुए

# पर्रापाठ के निर्माणाधीन मां वैष्णो देवी मंदिर में हुआ गुंबद भराई का अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर निर्माणधीन मां वैष्णो देवी की मंदिर भव्य रूप से निर्माण किया जा रहा है। यह अनुष्ठान के शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया गया। यात्रा में श्रध्दालुगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। गुंबद भराई अनुष्ठान गंगा दशहरा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी तिथि रविवार को ओडिशा से आए पुरोहित तरडिश दास ग्राम चरेगाझांझ, संतोष महाराज चेचराभांठा एवं परमेश्वर महाराज लीलाथर द्वारा विधिवत वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन कर निर्माणधीन मंदिर का गुंबद भराई में पंचरत्न, नौरत्न, अन्न में लगभग चार क्विटंल धान डालकर अनुष्ठान कराया। इस अनुष्ठान के मुख्य यजमान के रूप में सात जोड़े सहभागी बने। इसके बाद माता रानी की आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। पर्रापाठ पहाड़ी मंदिर परिसर पर दुकानें लगने से मेले जैसा माहौल रहा। यह परिसर वन संपदा से घिरा हुआ है। मां वैष्णो देवी मंदिर निर्माण होने से क्षेत्र सहित ओडिशा व छग के श्रद्धालु व दानदाता आगे आ रहे है। इस अवसर पर दिन में रामायण कार्यक्रम भी हुआ। रात्रि में श्रद्धालुओं के मनोंरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे नाच पार्टी मोगरापाली स तेंदूकोना के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी।

इस दौरान मंदिर समिति ट्रस्ट अध्यक्ष उत्तम राणा, यादलाल यादव, तीरथ पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, कार्यकारणी अध्यक्ष झनक राम कुम्हार, कोषाध्यक्ष कृष्णचंद पटेल, महासचिव मेघराज पांडे, सचिव बलदेव पटेल, सहसचिव सरपंच लता कुम्हार, ग्राम प्रमुख पन्ना साहू, पानसिंह यादव, चंदर यादव, भागीरथी पटेल, नेताराम चक्रधारी, आनंद चक्रधारी, रंजीत चक्रधारी, चिंतामणी चन्द्राकर, दुकालुराम पटेल, धनीराम पांडे, गिरीश पांडे, राजू तांडी सहित समिति के सदस्यगण एवं महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या मौजूद रहे।

---

# आंबेडकर चौक पर भाजपाइयों ने किया सांसद का जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद रुपकुमारी चौधरी के आगमन पर भाजपा नेता भाऊ राम साहू के नेतृत्व में स्थानीय अंबेडकर चौक ओवरब्रिज के नीचे बाजे-गाजे व पटाखे फोड़, फलों से तौल कर आतिशबाजी करते हुए हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य रूप से स्वागत किया। इसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, सतपाल सिंह पाली, प्रदीप चंद्राकर, महेंद्र जैन, देवीचंद राठी, जसमीत बादल मक्कड़, मोहन साहू, पवन साहू, अमन वर्मा, ऋषभ बाफना, संदीप दीवान, रिखी ध्रुव, हिमांशु तिवारी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



### जीजाबाई की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की माता राजमाता जीजाबाई की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, भारती, चन्द्राकर अंजु चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, हेमलता, रूपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि जीजाबाई ने भारत देश के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हर साल 17 जून को पुण्यतिथि मनाई जाती है।

---

# मुड़पहार में गोंड़ समाज ने मनाया त्रिशूल स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



रविवार को गोंडी धर्म संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मुड़पहार (केजुंवा) में गोंड समाज द्वारा त्रिशूल स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें गोंडीयन विधि-विधान से प्रकृति शक्ति पंच बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई।

ज्ञात हो कि 12 वर्ष पूर्व गोंड़वाना गुरूदादा दुर्गे भगत सिदार के सानिध्य में महापूजन व साजा पेड़ का लाट व त्रिशूल स्थापना हुआ था। उसी परम शक्ति को याद करते हुए प्रति वर्ष यह उत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात बैठक कर समिति की जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरिय पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। जिस क्रम में गोंडी धर्म संरक्षण समिति के जिला संरक्षक सुदर्शन सिंह ठाकुर, अध्यक्ष प्रेम सिंह पोर्ते, सचिव भारती, उपाध्यक्ष विश्वनाथ हीरा चुने गए। इसी सरायपाली अध्यक्ष बलदेव ओटी, उपाध्यक्ष दीनबंधू नाग, सचिव विजय सिंह नेताम व बसना से ब्लाक अध्यक्ष निमंकर जगत, सचिव श्रवण पोर्ते को चुना गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ गोंड़वाना संघ ईकाई जिलाध्यक्ष में पुनः दीपक जगत, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जगत, सचिव देवीसिंह मांझी, संरक्षक गोकुल पारेश्वर तथा ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली से गुलाब किशोर हीरा, सचिव पिताम्बर हीरा तथा ब्लाक बसना से शिवलाल बाघ, सचिव राजेन्द्र सिंह सिदार को चुना गया। इस बैठक के दौरान सभी पदाधिकारीयों को मुख्य अतिथि सुदर्शन सिंह ठाकुर ने हर्ष जताते हुए समाज तथा संघ समिति को मजबूत कर आगे ले जाने की कही। उन्होंने कहा कि गुरूदादा के बताए उद्देश्य को गांव-गांव जाकर समाज में बताना है।

### यह रहे इस दौरान मौजूद

इस अवसर पर मातृशक्ति में नियम बाई ठाकुर, पदमा जगत ,जयमोती नेताम, संतोषी पोर्ते, गुड्डी हीरा, हरिप्रिया जगत, भक्तिन नाग एवं पुरूष वर्ग में सुखी राम जगत, समारू जगत, सुनेश नेताम, लखन देव पोर्ते, रितेश नेताम, मंदरिया दीवान, नेपाल सिंह नेताम, कुंजल जगत, पुखराज जगत, ईश्वर पोर्ते, धेनू ठाकुर, विक्रम ठाकुर, सुदर्शन जगत, प्रेमसिंह जगत, कषट कुमार जगत, डुलामणी सिदार, गांधी जगत एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

# अस्थाई दैवेभो वन कर्मचारियों ने की मुख्यमंत्री साय से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहीं अलका चंद्राकर के नेतृत्व में अस्थायी दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान अलका चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को वन कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया और उनके नियमितीकरण की वर्षों पुरानी मांग पर सार्थक पहल करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री साय ने इस पर सकारात्मक पहल करने पर सहमति जताई। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि इन कर्मचारियों को दैनिक वेतन पर डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के शासनकाल में नियुक्त किया गया था। वन कर्मचारी लगातार अपनी समस्याओं के मद्देनजर अपने नियमितीकरण की मांग करते रहे हैं। लेकिन, बजाय उनके नियमितीकरण के इन पदों पर नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री साय से आग्रह किया कि यदि इन पदों पर नई भर्तियाँ होंगी तो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के समक्ष आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस पर सहानुभूति दिखाते हुए फिलहाल नई भर्ती को स्थगित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार के इस फैसले का स्वागत श्रीमती चंद्राकर सहित दैवेभो वनकर्मियों ने भी किया है। श्रीमती चंद्राकर ने नई भर्ती के बजाय लगभग 20 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पदस्थ करके वन कर्मचारियों के साथ न्याय करने का निवेदन प्रदेश सरकार से किया और मुख्यमंत्री साय ने इस पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर भाजपा नेता किशोर देवांगन, जसराज चंद्राकर, संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, नंदू सोनी सहित वन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राम कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिव अजय गुप्ता, जनक साहू, विजय आदि उपस्थित रहे।

---

**सर्पदंश से मासूम बच्ची की मौत : कांकेर।** पखांजूर थानांतर्गत पीव्ही 31 हरिहरपुर निवासी 4 वर्षीय दीपाली बैरागी पिता देबू बैरागी का सांप ने काट दिया था। परिजन ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजूर में भर्ती कराया। चिकित्सक ने बताया की उसकी मौत हो चुकी है। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पखांजुर थाना को दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौपा गया।

---


### आम सूचना प्रकाशन

सर्वसंधारण को इस आम सूचना के प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद सिराज चौहान पिता अब्दुल रहमान चौहान निवासी सदर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाज़ार भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा मौजा भाटापारा, रा.नि.म. एवं तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाज़ार भाटापारा (छ.ग.) में स्थित नजूल भूमि जिसका नजूल शीट 12 सी, प्लाट नो. 121/4 क्षेत्रफल 715 वर्ग फुट / 66.43 वर्ग मीटर को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09/01/2023 के माध्यम से विक्रेता लवकुमार चुंगावानी पिता रामचंद चुंगावानी से क्रय किया गया था जिसका दस्तावेज क्र 2451, ग्रन्थ क्र 3910, पुस्तक क्र. 1 दिनांक 09/01/2023 में उप पंजीयक कार्यालय भाटापारा में पंजीयन हुआ ।

उपरोक्त वर्णित भूमि नामांतरण पश्चात मेरे पक्षकार के नाम पर नजूल अभिलेखों में एक मात्र मेरे पक्षकार का नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है उपरोक्त वर्णित नजूल भूमि को पूर्व में विक्रेता लवकुमार चुंगानी पिता रामचंद चुंगानी के द्वारा रा.प्र. क्र.202110211100054/अ-20(3)/ 2021-22, आदेश दिनांक 09/09/2022 के अनुसार भूमिस्वामी हक प्राप्त किया गया है, जिसके सम्बन्ध में दिनांक 28/11/2022 को उप पंजीयक कार्यालय भाटापारा में पंजीयन भी कराया गया है, जिसका दस्तावेज क्र 2105, ग्रन्थ क्र 3894, दिनांक 28/11/2022 है। विक्रेता लवकुमार चुंगानी पिता रामचंद चुंगानी के द्वारा उपरोक्त वर्णित नजूल भूमि अर्थात नजूल शीट क्र 12 सी प्लाट नो. 121/3 का भाग क्षेत्रफल 187 वर्ग मीटर में से 66.43 वर्ग मीटर को सतराम दास आहूजा पिता स्व. सखावतराय आहूजा से दिनांक 11/02/2020 से क्रय किया गया था, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय भाटापारा में हुआ था, जिसका दस्तावेज क्र 2176, ग्रन्थ क्र. 3488, दिनांक 11/02/2020 है।

मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता लवकुमार चुंगानी पिता रामचंद चुंगानी से उसके नजूल भूमि दिनांक 09/01/2023 को क्रय किया गया था एवं क्रय करते समय लवकुमार चुंगानी पिता रामचंद चुंगानी के द्वारा उसके पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक 11/02/2020 की मूल प्रति मेरे पक्षकार को उप पंजीयक कार्यालय भाटापारा में प्रदान कर दी गई थी जिसे मेरे पक्षकार के द्वारा अपने घर में सुरक्षित रखा गया था। मेरे पक्षकार को उपरोक्त वर्णित नजूल भूमि पर मकान बनाने हेतु ऋण की आवश्यकता हुई तब मेरे पक्षकार द्वारा उक्त विक्रय विलेख दिनांक 11/02/2020 की मूल प्रति को घर में खोजा गया परन्तु मेरे पक्षकार के अथक प्रयास के उपरांत भी उसे विक्रय विलेख दिनांक 11/02/2020 की मूल प्रति नहीं मिली ना ही उक्त विक्रय विलेख दिनांक 11/02/2020 की मूल प्रति भविष्य में मिलने की कोई उम्मीद है ।

मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त विक्रय विलेख की मूल प्रति को किसी व्यक्ति, बैंक, साहूकार या किसी संस्था में गिरवी नहीं रखा है एवं ना ही उसका कोई उपयोग किया जा रहा है एवं ना ही आज दिनांक को उसकी मूल प्रति मेरे पक्षकार के पास उपलब्ध है। उक्त विक्रय विलेख दिनांक 11/02/2020 के मूल प्रति गुम हो जाने के सम्बन्ध में मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 16/06/2024 को थाना प्रभारी थाना भाटापारा (शहर), जिला बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.) के समक्ष लिखित सूचना प्रस्तुत कर पावती प्राप्त की गई है एवं उक्त संबन्ध में दिनांक 16/06/2024 को शपथ पूर्वक कथन भी प्रस्तुत किया गया है।

अत : इस सूचना पत्र के माध्यम से सर्वसंधारण को सूचित व अवगत कराया जाता है कि यदि इस समबन्ध में किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, सरकारी एवं अर्धसरकारी निकाय इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में कार्यालीन अवधि में इश्तिहार प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करे। उक्त अवधि के अवसान पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति स्वीकार अथवा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति की सत्यापित प्राप्त कर उक्त संपत्ति को किसी बैंक में ऋण हेतु बंधक के रूप में प्रस्तुत करने हेतु अथवा अन्यथा अंतरण करने हेतु स्वतंत्र होगा।

**प्रकाश मिश्रा (अधिवक्ता)**
**निवास & कार्यालय :- रामदयाल शर्मा कॉलोनी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, गुरुकुल स्कूल के आगे, तरेगा रोड, भाटापारा, तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाज़ार भाटापारा (छः ग.)**
**मो. 98279-07535**


---

# साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन में विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**कार्यक्रम में खल्लारी विधायक ने 10 लाख की राशि अपने विधायक निधि से देने की घोषणा की**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 बागबाहरा का वार्षिक अधिवेशन, भूमिपूजन, स्नेह सम्मेलन और प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 16 जून रविवार को दोपहर 12 बजे साहू सदन लालपुर में माँ कर्मा की पूजन आरती के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव, अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरम दास साहू, विशिष्ट अतिथि तहसील साहू संघ बागबाहरा के अध्यक्ष भेखलाल साहू, उपाध्यक्ष तुला राम साहू, भुवन साहू संरक्षक तहसील साहू संघ बागबाहरा, नारायण साहू गांजर के वरिष्ठ समाज सेवी, विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण मूलचंद साहू, भुवन साहू, सेवा राम साहू, खेमराज साहू, प्रेम साहू झलप परिक्षेत्र, रमेश साहू अध्यक्ष कौड़िया 02, मोती साहू घोंच, चंदू साहू खल्लारी, सेवा राम साहू सुरमाल 03, घनश्याम साहू जनपद सदस्य, चंद्रहास साहू, संजय साहू, सुजीत साहू के साथ ही सुरमाल 04 के सभी समाज रत्न सालिक राम साहू, कुंवर सिंह साहू, मोहन साहू, तुला राम साहू, रेवा राम साहू उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 के पदाधिकारियों द्वारा अक्षत फूल माला से किया गया। अतिथियों के समक्ष सुरमाल 04 बागबाहरा के अध्यक्ष देवेश साहू द्वारा कार्यक्रम संबंधी जानकारी व स्वागत भाषण दिया गया। जिसमें उनके द्वारा लालपुर साहू सदन भवन में भव्य साहू सदन निर्माण की जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही साहू समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने, वार्षिक लेखा-जोखा और स्नेह सम्मेलन पर विस्तारपूर्वक बात रखी गई। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में 20 लाख रुपए के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया। कार्यक्रम के अगली कड़ी में विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा आशीर्वचन उद्बोधन दिया गया। जिसमें उन्होंने साहू समाज के इस रचनात्मक आयोजन की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि साहू समाज की एकता और संगठन सभी समाज के लिए सदैव अनुकरणीय रहा है, प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर आने वाली पीढ़ी के आत्मविश्वास को दोगुना करने का यह प्रयास भी अनुकरणीय है। कार्यक्रम और उद्देश्य से प्रभावित होते हुए विधायक द्वारा 10 लाख की राशि अपने विधायक निधि से देने की घोषणा की गई। तत्पश्चात प्रतिभाशाली बच्चों को जिसमें बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त 40 छात्र-छात्राओं, पिछले सत्र में डॉक्टर बने 3 छात्र-छात्राएं, नेशनल तीरंदाजी में गोल्ड मेडल प्राप्त 2 बच्चियों, यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडल लिए 2 छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद उपस्थित समाजजनों के मध्य सुरमाल साहू समाज 04 बागबाहरा के ऑडिटर मिलन साहू द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा आय-व्यय की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। स्नेह सम्मेलन में समाज के छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया। अंतिम में सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 के संरक्षक पोखराज साहू ने आभार एवं कार्यक्रम का सफल संचालन धनराज साहू ने किया।

---

# स्काउट-गाइड संघ के निर्वाचन की अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ बसना की आवश्यक बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में रखी गई। जिसमें उपस्थित परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से अनेक निर्णय लिए गए। इसमें जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ महासमुंद बैठक 8 मई 2024 को लिए गए निर्णय के अनुसार 18 जून 2024 से 8 जुलाई 2024 संध्या 5 बजे तक 20 दिन तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रति व्यक्ति आजीवन सदस्य सदस्यता शुल्क 1500 एवं सामान्य सदस्य सदस्यता शुल्क 1000 रुपए निर्धारित किए गए। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए 2100 रुपए प्रति उम्मीदवार नामांकन शुल्क देय होगा। ये सभी शुल्क वापसी अयोग्य होंगे। 10 जुलाई 2024 को 2 दिन बाद सदस्यता सूची का प्रकाशन जिसमें आजीवन सामान्य सदस्य 10 में से एक अधिकतम 10 के साथ-साथ प्रशिक्षित स्काउट-गाइड साधारण सदस्यों की सूची में सम्मिलित रहेंगे। 13 जुलाई 2024 अगले तीन दिनों तक संध्या 5 तक दावा आपत्ति। 16 जुलाई 2024 तीन दिनों पश्चात संध्या 5 तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 20 जुलाई 2024 अगले 4 दिनों तक संध्या 5 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का नामांकन।

एक अध्यक्ष, अधिकतम 6 उपाध्यक्ष जिममें तीन पुरुष एवं तीन महिला होंगे। 22 जुलाई 2024 दो दिनों पश्चात संध्या 5 तक नामांकन की जांच व वैध नामांकन पत्रों की सूची, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी किसी दूसरे का प्रस्तावक व समर्थक नहीं बन सकता तथा एक का प्रस्तावक व समर्थक किसी दूसरे का प्रस्तावक व समर्थक नहीं बन सकता। 25 जुलाई 2024 तक संध्या 5 बजे तक नाम वापसी, 26 जुलाई 2024 संध्या 5 बजे तक नामांकन सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 29 जुलाई 2024 आवश्यक हुआ तो बसना विकासखंड का निर्वाचन निर्धारित तिथि में 11 से 1 तक मतदान, दो से तीन बजे तक मतगणना, 3 से 3:30 बजे तक विकासखंड परिषद की बैठक होगी।

---

## पेज 11 के शेष

### ढाई किलो गांजा

करने के लिए 67 एनडीपीएस एक्ट के तहत नोटिस जारी कर तामिल किया गया। आरोपी व्दारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं होना लिखकर दिया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का घटित करना पाए जाने से अपराध क्रमांक 294/24 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबंध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी राहुल ध्रुव पिता बबलू ध्रुव उम्र 22 साल साकिन सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार- भाटापारा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भाटापारा में बनाई...

सुलभ चौपाटी का लाभ मिलेगा बल्कि मुख्य मार्गो में ठेलो से यातायात की अव्यवस्था से निजात मिल पाएगी और नगर में एक सकारात्मक पहल होगी। शहर में चारों ओर फैले ठेलों को एक स्थान में एकत्रित करना चाहिए। साथ ही चयनित स्थल में स्वच्छता के साथ सुरक्षा का भी विशेष ध्यान देना होगा ।

### आज से बहुजन...

पूर्णतया सुनियोजित राजनीतिक षडयंत्र का परिणाम है। सतनामी समाज के शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन में गैर सतनामी राजनीतिक नेताओं एवं उनके राजनीतिक कार्यकर्ता व षडयंत्रकारी घुसपैठियों ने सतनामी समाज को बदनाम करने के नियत से घटना को अंजाम दिया है।

## खबर संक्षेप

### बलौदाबाजार हिंसा पर आज कांग्रेस का प्रदर्शन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुई हिंसा के विरोध में कांग्रेस द्वारा 18 जून को जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह धरना प्रदर्शन गांधी मैदान में प्रातः 11 बजे होगा। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री छग शासन सहित जिले एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने पार्टी के सभी प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

### नहर नाका के हनुमान मंदिर में चोरी



**धमतरी।** नहर नाका चौक के पास स्थित मंदिर में अज्ञात चोरों ने दानपेटी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार दानीटोला के नहर नाका चौक में बस स्टापेज के पास हनुमान जी का मंदिर है। शनिवार की देर रात्रि अज्ञात चोर मंदिर के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर भीतर रखे चांदी की आरती थाली, पीतल की घंटी, नकदी हजार रूपए सहित दानपेटी की चोरी कर फरार हो गया। रविवार की सुबह पूजा करने गए लोगों ने दरवाजा का ताला टूटा देखा। मंदिर के भीतर जाकर देखा तो दानपेटी सहित अन्य सामान गायब थे।

## निधन

### कृपा राम वर्मा



**बलौदाबाजार।** ग्राम गैंतरा निवासी कृपा राम वर्मा का निधन सोमवार को हो गया है। वे चंद्रिका वर्मा, सुकदेव वर्मा एवं सहदेव वर्मा के पिता थे।

# निर्जला भीमसेनी एकादशी व्रत से 24 एकादशियों का मिलता है फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

अंचल में ज्यादातर महिलाएं एवं पुरुष भी भीमसेनी एकादशी का व्रत रखते हैं। व्रतधारियों ने बताया कि व्रत , त्यौहार पूजा पाठ विधि करने से धर्म के प्रति प्रगाढ़ आस्था को बढ़ती है, भगवान से मनचाहा व्रत प्राप्त करते हैं। लोग कठिन से कठिन व्रत का पालन करते हैं ताकि आराध्य जल्दी प्रसन्न हो। एकादशी व्रत का बड़ा महत्व होता है। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत सबसे कठिन व्रत माना जाता है। यह भीषण गर्मी का महीना होता है और ज्यादातर भक्त जल की एक बूंद भी ग्रहण नहीं करते। इसी कारण सिर्फ इस एकादशी व्रत से साल की सभी 24 व्रत का फल मिल जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार पांडवों में दूसरे बड़े भाई भीमसेन के लिए अपनी भूख को नियंत्रित करना काफी मुश्किल था। इस कारण वो एकादशी व्रत नहीं कर पाते थे। जबकि

### भीमसेन के व्रत रखने के कारण कहलाई भीमसेनी एकादशी



#### दोनों दिन मान्यः ललित

पंडित ललित शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार निर्जला एकादशी 2 दिन है। दोनों दिन मान्य है, कोई भी दिन रह सकते हैं। लेकिन 19 तारीख को सुबह 7 बजे तक एकादशी और द्वादशी रहेगी। उसके बाद तेरस लग जाएगा इसलिए पारण को निर्धारित समय से पहले करना अनिवार्य है। 18 तारीख जो गृहस्थ हैं वैष्णव पंथ वाले है वासुदेव भगवान को मानते हैं उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। 17 तारीख सन्यासी वाले शिव को मानते हैं उनके लिए है। विशेष ध्यान रखे की तेरस को पारण करने से व्रत भंग हो जाता है।

भीम के अलावा द्रौपदी समेत बाकी पांडव हर एकादशी व्रत को रखते थे। भीमसेन अपनी इस लाचारी और कमजोरी को लेकर परेशान थे। भीमसेन को लगता था कि वह एकादशी व्रत न करके भगवान विष्णु का अनादर कर रहे हैं। इस दुविधा से उबरने के लिए भीमसेन महर्षि व्यास के पास गए। यहां महर्षि व्यास ने भीमसेन को साल में एक बार निर्जला एकादशी व्रत रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी साल की चौबीस एकादशियों के तुल्य है। इसी पौराणिक कथा के बाद निर्जला एकादशी भीमसेनी एकादशी, भीम एकादशी और पांडव एकादशी के नाम से प्रसिद्ध हो गई। ऐसा माना जाता है कि इस दिन व्रत रखने से सभी पाप धुल जाते हैं । ऐसा कहा जाता है कि निर्जला एकादशी का व्रत पूरा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है, जिससे भक्त को सुख, समृद्धि और पापों की क्षमा मिलती है।

### आयोजन : शिक्षकों ने सीखा बच्चों को कैसे सिखाना है

# 100 प्रतिशत बुनियादी साक्षरता का लक्ष्य पाने शिक्षण रणनीति अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

विकासखंड में नई शिक्षा नीति के तहत एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में जोन क्रमांक 3, शिवरीनारायण में किया गया। इसका प्रथम चरण 10 से 13 जून तक एवं द्वितीय चरण 14 से 17 जून तक रहा।

प्रशिक्षण के दोनों चरणों के पहले दिन, एनईपी, एनसीएफ, बुनियादी भाषा शिक्षण, हिंदी की पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका के समग्र उपयोग। दूसरे दिन एनसीएफ के अंतर्गत गणित शिक्षण की र ण नी ति यां , गणित शिक्षण के चार ब्लॉक, गणित की पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका के समग्र उपयोग। तीसरे दिन लेखन और उसके प्रकार, बहुभाषी शिक्षण,विद्या प्रवेश, जादुई पिटारा। चौथे दिन पुस्तकालय और 100 प्रतिशत बच्चों को कक्षा स्तर पर पहुंचने की योजना के अंतर्गत नवाजतन पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत मुख्यतः यह बताया गया कि बच्चों को सीखना कैसे सिखाना है। किन माध्यमों से 100 प्रतिशत बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता तक पहुंचा जा सकता है। सत्र बहुत ही सुचारू रूप से चला। साथ ही उपस्थित प्रशिक्षकों ने यह भरसक प्रयास किया कि ऑनलाइन सत्र में जिन मुद्दों को लेकर बातचीत हो गई थी। उन मुद्दों को यहां करके देखा जाए और गतिविधियों के माध्यम से सत्र को आगे बढ़ाई जाए। प्रशिक्षक के रूप में रोहित कुमार पटेल, खगेश्वर खूंटे, एरावत साहू, धनेश्वर देवांगन,गुरुबचन सिंह एवं सहयोगी के रूप में अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से मनीष गुप्ता रहे।

**आनलाइन मिली जानकारियों को आफलाइन करके देखा**

### चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में हुईं कई गतिविधियां




#### शिक्षण को और बेहतर बनाएंगे

द्वितीय चरण के अंतिम दिवस को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी इंद्रमणि सिंह एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, शिवरीनारायण के प्राचार्य के साथ शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला, शिवरीनारायण के प्रधान पाठक ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने एफएलएन प्रशिक्षण के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा किया। कुल मिलाकर विकासखंड के इस जोन में सत्र समयानुसार प्रारंभ हुआ और उसमें शिक्षकों की भी भागीदारी सक्रिय देखने को मिली। सत्र की सक्रियता को देखकर यह कहा जा सकता है कि आगामी सप्ताह से शिक्षक एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ स्कूलों में अपनी शिक्षण को और बेहतर बना रहे होंगे।

# गंगा दशहरा पर्व पर हुआ गायत्री महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

अंचल में गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर्व को धूमधाम से मनाया गया। एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 5 पालियों में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्री गायत्री प्रज्ञा पीठ के संस्थापक एवं वरिष्ठ परिजन बोधी राम साहू ने बताया कि आज के दिन ही वेदमाता माता गायत्री एवं माँ गंगा का अवतरण हुआ था।

जिसके उपलक्ष्य में भारत सहित पूरे विश्व मे अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री जयंती व गंगा दशहरा पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक एवं वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने माँ गायत्री को भागीरथी का कार्य करते हुये भारत व पूरे विश्व के लोगों के समक्ष प्रकट किए।

इसकी आराधना साधना व गायत्री महामंत्र को सभी लोगों के लिए स्वतंत्र किया, जिससे आज पूरे विश्व में अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना हुई। लाखों करोड़ों लोगों ने जुड़कर स्वयं के विकास के साथ परिवार निर्माण, समाज निर्माण व लोकहित में अमूल्य भागीदारी सुनिश्चित कर रहें हैं। वहीं कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए भटगांव के सक्रिय युवा व महिला मण्डल के सहयोग से भोजन प्रसाद इत्यादि की व्यवस्था भी किया गया।

- **भटगांव में किया गया आयोजन**

# संडी में कार्यकर्ताओं ने विधायक संदीप का मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

कसडोल विधायक संदीप साहू का 44 वां जन्मदिन कार्यकर्ताओ ने सादगीपूर्ण तरीके से मनाया। विधायक संदीप साहू के जन्मदिन के अवसर पार कसडोल में कार्यकर्ताओं ने केक काट कर मुंह मीठा करा कर उनके दीर्घ आयु होने की शुभकामनाएं दीं। इसी तरह लवन, पलारी और संडी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर बधाई दी। दिनभर बधाई देने का क्रम चलता रहा। पलारी नगर साहू भवन में विधायक को बड़ी संख्या में बधाई देने सामाजिक संगठन और पार्टी कार्यकर्ताओं पहुंचे। लोगों से मिले आशीर्वाद और शुभकामनाएं से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि जो स्नेह और प्यार आशीर्वाद आप लोगों से मिला उसके लिए हमेशा आभारी रहूंगा। आप सबका प्यार मुझे हमेशा मिलता रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, महामंत्री गोपी साहू,उपाध्यक्ष रोहित साहू मनीष चंद्राकर ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, रघुनंदन वर्मा,रामाधार पटेल, मेघनाथ यादव ,गणेश जायसवाल , शेखर वर्मा ,रज्जाक खान ,यमलोक साहू, तरुण चंद्राकर, पिंटू ,ऋषि ,बिसेसर वर्मा, शिवदयाल, महेश बारले, सुखदास बंजारे पुष्पा बंजारे , महेश्वरी कुर्रे, सेवती धीवर, योगेश बंजारे, गायत्री केवर्त, चंदन साहू आदि मौजूद रहे।

- **केक काटकर कार्यकर्ताओं ने बांटी खुशियां**

# योग जीवन जीने की कला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भरूवाडीह

स्थानीय रावन के महामाया चौक और गातापार रनबौर देवी मुख्य मंदिर के पास पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन 45 से अधिक लोगों ने योग का लाभ उठा रहे हैं।

योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा ने योग का उद्देश्य हमारे बताते हुए कहां जीवन का समग्र विकास करना है। सर्वांगीण विकास से तात्पर्य यहॉ शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक व सामाजिक विकास से है।

योग जीवन जीने की कला है। सर्वप्रथम सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम में नाड़ी शोधन, भ्रामरी, कपालभाति, मेडिटेशन भुजंगासन, हलासन, पादवृतासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, योग निद्रा, सिंह आसान हास्यासन सहित रोग अनुसार योग बारिकियों से बताते हुए योगाभ्यास कराया। इसके उपरांत स्वाल्पहार अंकुरित चना, मूंग और मूंगफली व आयुष काढ़ा वितरण किया गया। इस दौरान दशरथ वर्मा, बल्लु, आरोग्य मंदिर से देवलाल चेलक, चंचल वर्मा, गणेश वर्मा,सुरज मानसरोवर पुष्पा बाई,गया वर्मा, डागेश्वरी, परमेश्वरी वर्मा, मितानिनों में सरोजनी, कीर्ति लहरी, शीला विश्वास, दुलेश्वरी, सुनीता, उर्मिला, पुष्पा वर्मा, स्व सहायता समूह की महिलाएं, बच्चों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

- **पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ**



# दुकानदारों की बातों में न आएं किसान सलाह के लिए कृषि अधिकारी से करें संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर मनोज कुमार चौहान और वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर अंगद सिंह राजपूत की उपस्थिति में गत दिवस कलेक्टोरेट सारंगढ़ सभाकक्ष में कृषि विस्तार अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव सहित सीनियर और जूनियर कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर अंगद सिंह राजपूत ने कहा कि खाद बीज दवा के दुकानदार की बातों में किसान नहीं आएं। वे अपनी सामग्री बेचने के लिए किसी भी उत्पाद को पहले की अपेक्षा ज्यादा उत्पादक बता सकते हैं। उस उत्पाद के संबंध में किसान कृषि अधिकारी से जानकारी लें। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए मनोज चौहान ने कहा कि कृषि विभाग किसानों के सहयोग के लिए है। कृषि विस्तार अधिकारी अपने क्षेत्र में किसान को सहयोग प्रदान करने के लिए विभाग के स्थानीय अधिकारी हैं। श्री चौहान ने जिले के सभी आरईओ को सरकारी समितियां में खाद बीज के भंडारण,वितरण के संबंध में जानकारी ली। शीघ्र मांग के लिए आवेदन करने कहा ताकि जो किसान वंचित हो गए हैं उनको समितियां में अतिरिक्त के रूप में रखे गए खाद बीज उपलब्ध कराया जा सके। इसी प्रकार उन्होंने केसीसी के संबंध में सभी से जानकारी लिया।

- **अधिकारियों ने खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी ली**




#### खाद-बीज का भौतिक सत्यापन करें

श्री चौहान ने कृषि विस्तार अधिकारियों को कहा कि वे सभी समितियां में जाकर डबल लॉक के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त रूप से खाद बीज वितरण के डबल लॉक प्रणाली का जांच करें। समितियां में भी जाकर दुकानदारों से यह जानकारी ले कि कौन सा खाद कितनी मात्र में समितियां में आया है और उसका वितरण किया जा चुका है। उन्होंने पिछले वर्ष की मांग और इस वर्ष की मांग का तुलना करने के लिए आरईओ को निर्देश दिए। खाद बीज के पॉश मशीन और ऑफ लाइन खरीदी का भौतिक सत्यापन करें।

#### इस तरह करें अंकुरण टेस्ट

श्री चौहान ने बीज के अंकुरण टेस्ट बताते हुए कहा कि एक कपड़े में बीजों को बांधकर 24 घंटे रख देना चाहिए। 24 घंटे के बाद में अंकुरण की स्थिति से पता लगाया जा सकता है कि बीज की उत्पादक क्षमता कितनी है। उन्होंने सॉइल टेस्ट की परीक्षण को पूरा करने के लिए कहा।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि पवनी आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि अभिकर्ता - रूपेश श्रीवास
बस स्टैण्ड पवनी बिलाईगढ़ (छ.ग.)
मो. 94252 48055, 96696 29342

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भाटापारा शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि अभिकर्ता - अभिषेक मिश्रा
श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शीतला मंदिर के पास भाटापारा
मो. 626446 3895, 90900 90107

